राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

शैक्षिक ऋण योजना- कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	***सौरव चौधरी***
जिला एवं राज्य	*कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश*
योजना का नाम	*शैक्षिक ऋण*
ऋण स्वीकृति का वर्ष	*2013*
ऋण राशि	*रू. 2,00,000/-*
पाठ्यक्रम	*बी.टेक*
राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी	*हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम*

मैं, सौरव चौधरी, पुत्र श्री देश राज, निवासी अब्दुलपुर, पो. ज़मानाबाद, तहसील और जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश निवासी हूँ। मैं पिछड़ा वर्ग की घिरथ जाति से हूं। मेरा परिवार एक गरीब परिवार था। मुझे बी.टेक पाठ्यक्रम के लिए चुना गया था लेकिन मेरी कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण मैं प्रवेश लेने में असमर्थ था।

एक अखबार में विज्ञापन के माध्यम से मुझे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की ऋण योजना के बारे में पता चला, जिसे हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एचबीसीएफडीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। एनबीसीएफडीसी की शिक्षा ऋण योजना के तहत मैं अपनी पढ़ाई के लिए ऋण लेना चाहता था। अतः मैंने एचबीसीएफडीसी के कार्यालय से संपर्क किया और ऋण के लिए आवेदन किया। मुझे अपना बी.टेक पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए दिनांक 05.12.2013 **को रू.** 2,00,000/- **की राशि प्रदान की गई।**

अब मैं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (एचपीएसईबीएल), कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में जूनियर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हूं।

मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए रियायती दर पर ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एनबीसीएफडीसी और एचबीसीएफडीसी को सहृदय धन्यवाद देता हूं।